महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
O/o The Controller General of Defence Accounts
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-10
Ulan Batar Road,Palam,Delhi Cantt.-10

सं. 0746/हि.क./पत्रिका/2015 दिनांक: 18.08.2015

सेवा में,

सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि./प्र.ले.नि. (फै.), कोलकाता

विषय : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पत्रिकाओं का प्रकाशन।

रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कार्यालयों द्वारा हिन्दी पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जा रहा है। इस संबंध में अंतरिम रूप से यह निर्णय लिया गया है कि विभाग में हिन्दी पत्रिकाओं के मुद्रण (Printing) के स्थान पर ई-पत्रिकाएं प्रकाशित की जाएं। चूंकि ई-पत्रिकाओं का दायरा बड़ा होता है, अतः इससे राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को और अधिक बल मिलेगा। साथ ही, भारत सरकार की मितव्ययता तथा डिजिटल इंडिया मुहिम को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में निदेश दिया जाता है कि आगामी आदेश पर्यन्त रक्षा लेखा विभाग में केवल ई-पत्रिकाएं ही प्रकाशित की जाएं और पत्रिकाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (एस.के.के.) के अनुमोदन से जारी।

(मोहिन्दर सिंह)
रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (ले.प.)